1. यदि a=11 और b=9 है, तो $\left[\frac{a^2+b^2+ab}{a^3-b^3}\right]$ का मान है-
(a) $\frac{1}{2}$ (b) 20
(c) $\frac{1}{20}$ (d) 2 **[a]**

2. यदि एक त्रिभुज के दो कोण $\cot^{-1}2$ तथा $\cot^{-1}3$ है, तो इसका तीसरा कोण है-
(a) $\frac{5\pi}{2}$ (b) $\frac{\pi}{4}$
(c) $\frac{3\pi}{4}$ (d) $\frac{\pi}{2}$ **[*]**

3. एक ΔABC में, यदि 2∠A=3∠B=6∠C हो, तो ∠A बराबर है-
(a) 60^0 (b) 120^0
(c) 90^0 (d) 30^0 **[c]**

4. यदि एक निश्चित राशि पर $6\frac{1}{4}$ वर्ष में साधारण ब्याज अपने मूलधन का 3/8 भाग हो, तो वार्षिक ब्याज की दर है-
(a) 4% (b) 6%
(c) 5% (d) 8% **[b]**

5. 10% की छूट देने के बाद 25% का लाभ प्राप्त करने के लिए, दुकानदार को 360 रूपये लागत वाली वस्तु का मूल्य कितना अंकित करना चाहिए?
(a) 450 रू (b) 486 रू
(c) 500 रू (d) 460 रू **[c]**

6. प्रथम दस विषम अभाज्य संख्याओं का औसत है-
(a) 15.8 (b) 12.9
(c) 13.8 (d) 17 **[a]**

7. A एक कार्य को 24 दिनों में कर सकता है। यदि B, A से 60% अधिक कुशल है, तो B को समान कार्य करने के लिए आवश्यक दिनों की संख्या है?
(a) 10 (b) 12
(c) 15 (d) 9.6 **[c]**

8. मोहन अपने भाई से दोगुना बडा है। 3 वर्ष पहले, मोहन की आयु उसके भाइयों की आयु की 3 गुना थी। मोहन की वर्तमान आयु की गणना करें?
(a) 16 (b) 14
(c) 12 (d) 6 **[c]**

9. A और B ने संयुक्त रूप से एक व्यवसाय शुरू किया। A का निवेश B के निवेश का तीन गुना था और उसके निवेश की अवधि B के निवेश की अवधि की दुगुनी थी। यदि B को लाभ के रूप में 4000 रूपये प्राप्त् हुए, तो उनका कुल लाभ है?
(a) 20,000 रूपये (b) 28,000 रूपये
(c) 24,000 रूपये (d) 16,000 रूपये **[c]**

10. दो संख्याएं 'A' और 'B' ऐसी है कि A के 5% और B के 10% का योग A के 20% और B के 10% के योग का आधा है। A:B ज्ञात कीजिए?
(a) 2:1 (b) 1:3
(c) 1:1 (d) 1:2 **[c]**

11. दी गई आकृति में, ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है जिसकी भुजा AB, A, B, C और D से होकर जाने वाले वृत का व्यास है। यदि ∠ADC=130⁰ है तो ∠CAB ज्ञात कीजिए?



(a) 30^0 (b) 50^0
(c) 40^0 (d) 130^0 **[c]**

12. 43582 के निकटतम संख्या जो 25, 50 और 75 में से प्रत्येक से विभाज्य है?
(a) 43550 (b) 43650
(c) 43600 (d) 43500 **[b]**

13. यदि किसी संख्या के $\frac{4}{5}$ भाग और $\frac{3}{4}$ भाग का अंतर 4 है, तो संख्या क्या है?
(a) 60 (b) 80
(c) 100 (d) 40 **[b]**

14. राजीव के कॉलेज और घर की दूरी 80 कि.मी है। एक दिन वह कॉलेज जाने के लिए सामान्य समय से 1 घंटे लेट था, इसलिए उसने अपनी गति 4 कि.मी./घंटा बढा दी और वह सामान्य समय पर कॉलेज पहुंचा। राजीव की परिवर्तित (या बढी हुई) गति क्या है?
(a) 30 कि.मी./घंटा (b) 40 कि.मी./घंटा
(c) 20 कि.मी./घंटा (d) 28 कि.मी./घंटा **[c]**

15. दो संख्याओं का अनुपात 3:4 है और उनका योग 420 है। दोनों संख्याओं में से बडी संख्या है?
(a) 200 (b) 180
(c) 240 (d) 360 **[c]**

16. एक अम्ल और एक क्षार के बीच अभिक्रिया, जो लवण और पानी देती है, वह है?
(a) एकल विस्थापन अभिक्रिया (b) द्वि-विस्थापन अभिक्रिया
(c) उदासिनीकरण अभिक्रिया (d) संयोजन अभिक्रिया **[c]**

17. एक समुद्री मील बराबर होता है?
(a) 2450 मीटर (b) 2000 मीटर
(c) 1852 मीटर (d) 1672 मीटर **[c]**

18. फलों में मिठास का कारण है?
(a) राइबोज (b) माल्टोज
(c) लैक्टोज (d) फ्रक्टोज **[d]**

19. रेयॉन के निर्माण में प्रयुक्त होने वाला मुख्य कच्चा माल है?
(a) सेलूलोज (b) नायलॉन
(c) सिलिकॉन (d) रेडियम और आर्गन **[a]**

20. निम्नलिखित में से कौनसी मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी है?
(a) वोमर (b) इन्कस
(c) मैलियस (d) स्टेपीज **[d]**

21. कौनसा सही सुमेलित नहीं है?
(a) एमीटर – विद्युत धारा
(b) बेरोमीटर – वायुदाब
(c) पायरोमीटर – वर्षा की मात्रा
(d) एनीमोमीटर – वायु का वेग **[c]**

22. निम्नलिखित में से किस युग्म में आइसोइलेक्ट्रॉनिक आयन है?
(a) Al^{3+}, Cl^- (b) Na^+, O^{2-}
(c) Mg^{2+}, Ar (d) K^+, Ne **[b]**

23. निम्न सूचियों को सुमेलित कीजिए-

सूची-I
(a) धुआं
(b) जैल
(c) इमल्शन
(d) फोम

सूची-II
(i) द्रव में परिक्षिप्त गैस
(ii) ठोस में परिक्षिप्त ठोस
(iii) द्रव में परिक्षिप्त द्रव
(iv) ठोस में परिक्षिप्त द्रव
(v) गैस में परिक्षिप्त ठोस

कूट :-

(a) (a)-(v), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iii)
(b) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(v)
(c) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(i)
(d) (a)-(v), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i) [d]

24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

सूची-I	सूची-II
(a) त्वरण	(i) जूल
(b) बल	(ii) न्यूटन-सेंकड
(c) किया गया कार्य	(iii) न्यूटन
(d) आवेग	(iv) मीटर प्रति वर्ग सेंकड

कूट :-
(a) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(b) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(c) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)
(d) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii) [c]

25. रंगीन अक्षरों के ऊपर एक समतल कांच का स्लैब रखा गया है, जो अक्षर सबसे कम उठा हुआ दिखाई देता है, वह है?
(a) लाल (b) बैंगनी
(c) हरा (d) नीला [a]

26. एक पौधा जिसमें हरी पत्तियां हों, वे लाल बत्ती में रखने पर दिखाई देंगी?
(a) हरी (b) बैंगनी
(c) काली (d) लाल [c]

27. यदि अवतल दर्पण में किसी वस्तु की स्थिति अनंत पर है, तो बनने वाला प्रतिबिम्ब है-
(a) आभासी, सीधा, आवर्धित
(b) वास्तविक, उल्टा, वस्तु के बराबर
(c) वास्तविक, उल्टा, वस्तु से छोटा
(d) आभासी, सीधा, वस्तु से छोटा [c]

28. लौंग, जो आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला मसाला है, किससे प्राप्त किया जाता है?
(a) जड़ (b) फूल की कली
(c) फल (d) तना [b]

29. दृश्य प्रकाश, यूवी (UV) प्रकाश और एक्स-रे के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -
(I) दृश्य प्रकाश की तरंगदैर्ध्य, एक्स-रे की तुलना में अधिक है।
(II) एक्स-रे फोटोन की ऊर्जा, यूवी (UV) प्रकाश फोटोन की तुलना में अधिक होती है।
(III) यूवी (UV) प्रकाश फोटोन की ऊर्जा, दृश्य प्रकाश फोटोन की तुलना में कम होती है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) (I) और (II)
(b) केवल (1)
(c) (I), (II) और (III)
(d) (II) और (III) [a]

30. सेफ्टी लैंप का आविष्कार किसने किया था?
(a) अल्फ्रेड नोबेल (b) मैक्सवेल
(c) हम्फ्री डेवी (d) फैराडे [c]

31. अप्रैल 2022 में, DRDO ने टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल हेलिना, का सफल परीक्षण कहाँ किया है?
(a) कोलायत (b) ओसियान
(c) पोखरण (d) गजनेर [c]

32. राष्ट्रीय सहकारी मसाला मेला, 2022 का आयोजन किस शहर में किया गया?
(a) चितौड़गढ़ (b) जयपुर
(c) अलवर (d) धौलपुर [b]

33. गाजी खान बरना को लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उप-राष्ट्रपति श्री. एम. वेंकैया नायडू द्वारा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया, वह किस वाद्य यंत्र से संबंधित हैं?
(a) सारंगी (b) खड़ताल
(c) भपंग (d) सितार [b]

34. राजस्थान के किस जिले में राजा मोरध्वज का शहर गढमोरा है, जिसमें राजस्थान सरकार ने हाल ही में ऐतिहासिक स्थलों के विकास कार्य और रख-रखाव के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी की है?
(a) करौली (b) उदयपुर
(c) अजमेर (d) बूंदी [a]

35. जून 2022 में जारी भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) के चौथे राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) में राजस्थान का स्थान है -
(a) बाहरवां (b) नौवां
(c) चौथा (d) दसवां [d]

36. 'थार महोत्सव 2022' का आयोजन राजस्थान के किस जिले में किया गया?
(a) जैसलमेर (b) बीकानेर
(c) जयपुर (d) बाड़मेर [d]

37. राजस्थान पर्यटन विभाग ने किस संस्थान के सहयोग से 'फोक सफर' का आयोजन किया?
(a) आई.एम.एफ. (b) आसियान
(c) यूनेस्को (d) यूनिसेफ [c]

38. राजस्थान के किस निकाय को आई.बी.सी. एक्सीलेंस अवार्ड, 2021 से अप्रैल 2022 में सम्मानित किया गया?
(a) राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
(b) राजस्थान आवासन मंडल
(c) राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम
(d) राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड [b]

39. राजस्थान के पहले आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का शिलान्यास किस स्थान पर किया गया है?
(a) खिमसर (b) खमनौर
(c) कोटरा (d) करणपुर [b]

40. राजस्थान की प्रथम वर्चुअल कोर्ट का ई-उद्घाटन किसने किया?
(a) वसुंधरा राजे (b) एस. एस. शिंदे
(c) टीकाराम जूली (d) अशोक गहलोत [b]

41. पवनानुवर्ती बालुका स्तूप राजस्थान के किस जिलों में मिलते हैं?
(a) जैसलमेर में (b) गंगानगर में
(c) चूरू में (d) बीकानेर में [a]

42. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और सही ... उत्तर का चयन करें -

सूची-1 (वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र)	सूची-1 (जिला)
(a) जोड़बीड गढ़वाला	(1) झुंझुनू
(b) गुडा विश्नोईयां	(2) नागौर
(c) गोगेलाव	(3) जोधपुर
(d) बीड़	(4) बीकानेर

(a) a-1, b-2, C-3, d-4 (b) a-1, b-3, C-4, d-2
(c) a-4, b-3, c-2,d-1 (d) a-4, b-3, C-1, d-2 [c]

43. राजस्थान के लोक नृत्य एवं उसके प्रचलन क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित में कौन सा युग्म सही नहीं है-
(a) गींदड़ नृत्य – शेखावाटी (b) ढोल नृत्य - जालौर
(c) डांडिया नृत्य - मारवाड़ (d) बमरसिया नृत्य - बीकानेर [d]

44. राजस्थानी लोकगीत 'पावणा' महिलाओं द्वारा गाया जाता है-
(a) शादी की प्रतीक्षा करते हुए
(b) नए दामाद के आने पर
(c) बेटे के जन्म पर
(d) चैत्र मास में खेतों में कार्य करते समय [b]

45. अलाउद्दीन खिलजी की निम्नांकित विजयों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए –
(1) सिवाना (2) जालौर
(3) चित्तौड़ (4) रणथम्भौर
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 4, 2, 1, 3
(c) 4, 3, 1, 2 (d) 2, 3, 4, 1 [c]

46. नांदसा युप अभिलेख पाया गया है -
(a) भीलवाड़ा में (b) उदयपुर में
(c) बांसवाड़ा में (d) कोटा में [a]

47. स्थिर कीमतों (2011-12) पर, राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय 2020-21 में कितनी थी?
(a) 72387 (b) 72297
(c) 71297 (d) 70297 [b]

48. कोटा राज्य का संस्थापक शासक कौन था?
(a) किशोर सिंह (b) माधो सिंह
(c) जगत सिंह (d) राम सिंह [b]

49. निम्नलिखित में से कौनसा (दुर्ग - लोकप्रिय नाम) सुमेलित नहीं है?
(a) तारागढ़ दुर्ग (अजमेर) – गढ़ बिठली
(b) मेहरानगढ़ दुर्ग (जोधपुर) – मयूरध्वज गढ़
(c) नाहरगढ़ दुर्ग (जयपुर) - सुदर्शनगढ़
(d) भटनेर दुर्ग (हनुमानगढ़) - कोषवर्धन [d]

50. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (मेला-स्थान) सुमेलित नहीं है?
(a) बादशाह मेला - ब्यावर
(b) माता कुण्डलिनी का मेला – राशमी
(c) परशुराम महादेव मेला - रैवासा
(d) लालदास जी का मेला – धौली दूब [c]

51. 1857 के विद्रोह के समय राजस्थान में कितनी सैनिक छावनियाँ थीं?
(a) 6 (b) 4
(c) 7 (d) 5 [a]

52. जयपुर में 'मीनाकारी' की कला किस शासक के शासनकाल में थी?
(a) मानसिंह-I (b) सवाई जयसिंह-I
(c) भारमल (d) सवाई जयसिंह-II [a]

53. 'वागड़ की मीरा' के रूप में कौन प्रसिद्ध हैं?
(a) गवरी बाई (b) काली बाई
(c) करमा बाई (d) पुष्पा बाई [a]

54. निम्नलिखित में से कौनसी बोली राजस्थान की बोली नहीं मानी जाती?
(a) बुंदेली (b) मेवाती
(c) अहीरवाटी (d) मालवी [a]

55. सन् 1857 में हुए कोटा विद्रोह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनो को पढ़िए -
(1) इस विद्रोह का नेतृत्व जयदयाल और मेहराब खाँ ने किया था।
(2) कोटा की विद्रोही राजकीय सेना ने डॉ. सेडलर और मेजर बर्टन की हत्या कर दी थी।
सही कूट चुनिए -
(a) दोनों सही (b) केवल 2
(c) दोनों गलत (d) केवल 1 [a]

56. वाकल, मेश्वा तथा हथमति किस नदी की सहायक नदियाँ हैं?
(a) साबरमती (b) सोम
(c) पश्चिमी बनास (d) जाखम [a]

57. राजस्थान राज्य के विधानमंडल में शामिल हैं-
(a) केवल विधान सभा
(b) विधान सभा और विधान परिषद्
(c) राज्यपाल और विधान सभा
(d) राज्यपाल, विधान सभा और विधान परिषद् [c]

58. निम्न में से किस जिले में शुष्क उष्णकटिबंधीय 'पर्णपाती वन नहीं पाये जाते हैं?
(a) सिरोही (b) धौलपुर
(c) अलवर (d) भरतपुर [a]

59. निम्नलिखित में से कौन राजस्थानी लोक कला एवं संस्कृति के विकास से संबंधित नहीं हैं?
(a) रामलाल माथुर (b) शंकर देव ढकाल
(c) देवीलाल सामर (d) कोमल कोठारी [b]

60. कोलायत लिफ्ट नहर का नया नाम क्या है?
(a) गुरु जम्भेश्वर लिफ्ट नहर
(b) डॉ. करणी सिंह लिफ्ट नहर
(c) वीर तेजाजी लिफ्ट नहर
(d) पन्नालाल बारुपाल लिफ्ट नहर [b]

61. राजस्थान मानवाधिकार आयोग कब अस्तित्व में आया?
(a) 18 जनवरी, 1999 (b) 26 जनवरी, 1995
(c) 10 दिसंबर, 1998 (d) 2 अक्टूबर, 1990 [a]

62. 'बुद्धि-विलास' ग्रंथ के लेखक कौन हैं?
(a) हेमचन्द्र सूरी (b) सोमेन्द्र
(c) राजशेखर (d) बखतराम साह [d]

63. अजमेर स्थित मेयो कॉलेज (शिक्षण संस्थान) की स्थापना किस वर्ष हुई?
(a) 1883 ई. (b) 1869 ई.
(c) 1870 ई. (d) 1875 ई. [d]

64. निम्नलिखित में से कौन सा कथन चंबल बेसिन के बारे में गलत है?
(a) विध्यन कगार भूमियाँ चंबल बेसिन से संबंधित नहीं हैं।
(b) चंबल बेसिन में विशाल घाटियां हैं।
(c) चंबल बेसिन के दक्षिण में, नीची पहाड़ियां हैं, जिन्हें 'डांग' कहा जाता है।
(d) चंबल का उद्गम मध्य प्रदेश में इंदौर के पास महू तहसील में जानापाव की पहाड़ियों से होता [a]

65. निम्नलिखित (ताप विद्युत परियोजना-जिला) में से कौनसा सुमेलित नहीं है?
(a) कवई - बारां
(b) काली सिंध - झालावाड़
(c) गिराल - बीकानेर
(d) कपूरड़ी एवं जालीपा – बाड़मेर [c]

66. निम्नलिखित में से किस देवता ने राव जोधा को मंडोर विजित करने में सहायता प्रदान की?
(a) मल्लीनाथ जी (b) रामदेव जी
(c) हड़बू जी (d) मेहाजी मांगलिया [c]

67. निम्नलिखित में से किसने राजस्थान विधान सभा के प्रोटेम स्पीकर, स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का पद संभाला है?
(a) डॉ. सी. पी. जोशी (b) पूनम चंद विश्नोई
(c) राम किशोर व्यास (d) समर्थलाल मीणा [b]

68. राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत हुआ?
(a) अनुच्छेद 253 (b) अनुच्छेद 263
(c) अनुच्छेद 273 (d) अनुच्छेद 243 [d]

69. कालीबंगा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य नहीं है?
(a) यहाँ उत्खनन कार्य से हड़प्पा व पूर्व हड़प्पा कालीन सभ्यता के अवशेष मिले हैं।
(b) यह हनुमानगढ़ के जिले में है।
(c) यह एक नगरीय सभ्यता है।
(d) कालीबंगा की सभ्यता आहड़ नदी के किनारे विस्तृत है। [d]

70. बूंदी में रानी जी की बावड़ी किसके द्वारा बनवाई गई थी?
(a) हाड़ी रानी (b) रानी नाथावती
(c) रानी पद्मिनी (d) रानी कर्णावती [b]

71. हरमाड़ा युद्ध (1557 ई.) लड़ा गया था -
(a) महाराणा सांगा एवं मुगल सम्राट बाबर के मध्य
(b) महाराणा उदयसिंह एवं बनवीर के मध्य
(c) सवाई जयसिंह एवं मराठों के मध्य
(d) महाराणा उदयसिंह एवं हाजी खाँ के मध्य [d]

72. राजस्थान के इतिहास में 'हिन्दूपत' किस शासक को कहा जाता है?
(a) महाराणा राजसिंह (b) महाराणा सांगा
(c) महाराजा रायसिंह (d) महाराणा कुम्भा [b]

73. निम्नलिखित में से किस अरावली चोटी की ऊँचाई 1000 मीटर से कम है?
(a) रघुनाथगढ़ (b) नाग पहाड़
(c) गुरु शिखर (d) कुम्भलगढ़ [b]

74. ओझियाना पुरास्थल राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(a) हनुमानगढ़ (b) उदयपुर
(c) टोंक (d) भीलवाड़ा [d]

75. 'मारवाड़ लोक परिषद्' की स्थापना कब हुई थी?
(a) 1941 में (b) 1935 में
(c) 1938 में (d) 1932 में [c]

76. तिमानिया आभूषण स्त्रियां शरीर के किस भाग में पहनती हैं?
(a) गला (b) कान
(c) टकना (d) हाथ [a]

77. किणसरिया (नागौर) किस लोकदेवी के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है?
(a) कौड़िया देवी (b) कैवाय माता
(c) छींक माता (d) जिलाणी माता [b]

78. कोटा में 'वीर भारत सभा' की स्थापना ...... ने की थी-
(a) प्यारे राम (b) केसरी सिंह बारहठ
(c) सावरकर (d) साधु सीताराम दास [b]

79. संगीत राज, संगीत मीमांसा एवं सूड प्रबंध के रचनाकार थे-
(a) कान्हा व्यास (b) राणा सांगा
(c) महाराणा कुम्भा (d) महाराणा मोकल [c]

80. राज्य के मुख्य सचिव का चयन किया जाता है-
(a) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश द्वारा
(b) विधान सभा अध्यक्ष द्वारा
(c) मुख्यमंत्री द्वारा
(d) मंत्रिमण्डल द्वारा [c]

81. राजस्थान की एकमात्र देवी जिनकी खण्डित मूर्ति की पूजा की जाती है-
(a) शीतला माता (b) शिला माता
(c) चामुण्डा माता (d) नागणेची माता [a]

82. निम्नलिखित में से कौनसी तिलहन की फसल राजस्थान में खरीफ के मौसम में उगाई नहीं जाती है-
(a) सोयाबीन (b) सरसों
(c) तिल (d) मूंगफली [b]

83. 'मुकाम प्रसिद्ध है-
(a) कबीरपंथियों के लिए (b) बिश्नोईयों के लिए
(c) रामस्नेहियों के लिए (d) जसनाथियों के लिए [b]

84. विक्रम संवत् पंचांग के अनुसार, शीतला अष्टमी किस दिन मनाई जाती है?
(a) अश्विन कृष्ण अष्टमी (b) चैत्र शुक्ल अष्टमी
(c) चैत्र कृष्ण अष्टमी (d) फाल्गुन शुक्ल अष्टमी [c]

85. जालौर के चौहान वंश के संस्थापक थे-
(a) वत्सराज चौहान (b) कान्हड़देव चौहान
(c) वीरमदेव चौहान (d) कीर्तिपाल चौहान [d]

86. राजस्थान में दक्षिण-पश्चिम मानसून की अवधि होती है-
(a) सितंबर से दिसंबर (b) मई से अगस्त
(c) जून से सितंबर (d) जून से नवंबर [c]

87. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान में निम्नलिखित में से किस जिले के जोडे ने घनत्व 100 से कम दिखाया?
(a) बीकानेर, गंगानगर, बाड़मेर
(b) बाड़मेर, पाली, बीकानेर
(c) जैसलमेर, चूरू, बीकानेर
(d) जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर [d]

88. निम्नलिखित में से कौन सा (महल–स्थान) युग्म असंगत है?
(a) अभेड़ा महल - अलवर
(b) जूना महल - डूंगरपुर
(c) अबली मीणी का महल - कोटा
(d) पुष्पक महल - सवाई माधोपुर [a]

89. अधोलिखित में से कौन मारवाड़ के 'पंच पीरों' में से एक नहीं है?
(a) गोगाजी (b) रामदेव जी
(c) हड़बू जी (d) तेजाजी [d]

90. राजस्थान के स्वतंत्रता सेनानी एवं उनकी कर्मस्थली (राज्य) के संबंध में कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(a) गोपीलाल यादव - अलवर
(b) बालमुकुन्द बिस्सा – जोधपुर
(c) हीरालाल शास्त्री - जयपुर
(d) रघुवर दयाल गोयल – बीकानेर [a]

91. राजस्थान का सबसे छोटा कृषि जलवायु प्रदेश कौनसा है-
(a) आर्द्र दक्षिणी मैदान (b) अर्धशुष्क पूर्वी मैदान
(c) सिंचित उत्तर पश्चिमी मैदान (d) बाढ प्रवण पूर्वी मैदान [a]

92. मगरमण्डी माता मंदिर कहाँ पर अवस्थित है?
(a) निमाज (b) आउवा
(c) किराड़ू (d) गोठ मांगलोद [a]

93. निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली के साथ मंजीरा एवं चौतारा बजाया जाता है?
(a) तेरह ताली (b) घूमर
(c) गैर (d) भवाई [a]

94. भोजी लम्बरदार का संबंध था -
(a) बेगू किसान आंदोलन से
(b) बिजौलिया किसान आंदोलन से
(c) मारवाड़ किसान आंदोलन से
(d) भरतपुर किसान आंदोलन से [d]

95. संत दादू के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?
(a) इनके संदेश "अणभैवाणी" में संग्रहित हैं।
(b) इन्हें "राजस्थान का कबीर" भी कहा जाता है।
(c) वे गुजरात के एक कवि संत थे।
(d) दादू संप्रदाय के सत्संग स्थल "अलख दरीबा" कहलाते हैं। [a]

96. 25 मार्च, 1948 को संयुक्त राजस्थान में विलय की गई रियासत थी-
(a) भरतपुर (b) अलवर
(c) सिरोही (d) प्रतापगढ़ [d]

97. 'काला और बाला' का देवता किसे कहा जाता है?
(a) कल्ला जी (b) तेजाजी
(c) पाबू जी (d) बिग्गाजी [b]

98. अल्ला - जिलाई - बाई की पहचान किस क्षेत्र में रही?
(a) मांगणियार लोक गीत (b) लंगा गायन
(c) मांड गायन (d) हवेली गायन [c]

99. अजरख प्रिंट में आमतौर पर किन रंगों का प्रयोग किया जाता है?
(a) गुलाबी और भूरा (b) हरा और सफेद
(c) काला और सफेद (d) नीला और लाल [d]

100. निम्नलिखित में से कौनसा दुर्ग 'जल दुर्ग' की श्रेणी में आता है?
(a) जयगढ़ दुर्ग (b) तारागढ़ दुर्ग
(c) अचलगढ़ दुर्ग (d) भैंसरोड़गढ़ दुर्ग [d]